तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 स्वरोजगार ऋण योजना से आत्मनिर्भर बने दिव्यांग...



14 चंडी आश्रम नेवनारा में त्रिदिवसीय आवासीय...




# हॉफ नदी पुनरुद्धार अभियान को जनभागीदारी का मिला मजबूत आधार

## अंधियारखोर में चक भ्रमण प्रशिक्षण, नदी संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकसित भारत जन अभियान के तहत हॉफ नदी पुनरुद्धार अभियान को जनआंदोलन बनाने की दिशा में शनिवार को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर में /"चक भ्रमण (ट्रांसेक्ट वॉक) प्रशिक्षण कार्यक्रम/" आयोजित किया गया। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में जिला प्रशासन और प्रदान संस्था के तकनीकी सहयोग से हुए इस प्रशिक्षण में नदी संरक्षण, जल संवर्धन और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि हॉफ नदी का पुनरुद्धार केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनसहभागिता से संचालित अभियान है। उन्होंने ग्राम पंचायतों से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पौधारोपण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।

प्रदान संस्था के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को चक भ्रमण की अवधारणा, नदी एवं जल स्त्रोतों के मानचित्रण, जलग्रहण क्षेत्र के अध्ययन, भूमि उपयोग, मिट्टी की गुणवत्ता, जल प्रवाह और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक आकलन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों ने हॉफ नदी के तट पर व्यावहारिक चक भ्रमण कर नदी की



स्थिति, कटाव, अवरोध, भू-आकृति और वनस्पति का अवलोकन किया। इस दौरान नदी किनारे पौधरोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण और भू-जल संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन नदी बचेगी–प्रकृति सजेगी, जल समृद्धि–जीवन समृद्धि के संदेश के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांवों में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण और हॉफ नदी पुनरुद्धार अभियान को जनसहभागिता से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### टिकट दलाली के फरार वारंटी को आरपीएफ ने कराया सरेंडर

दुर्ग। आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे वारंट तामीली अभियान के तहत दुर्ग पोस्ट प्रभारी ने टीम गठित की है। टीम ने विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर ने दुर्ग में दर्ज अपराध 205/2004 एवं न्यायालय प्रकरण 1727/2004 धारा 143 रेल अधिनियम में आरोपी तिजेंदर सिंह उर्फ टिंकू उम्र 46 वर्ष निवासी लक्ष्मीनगर सुपेला के विरुद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट 18 अप्रैल 2012 को जारी किया था। वारण्ट की तामिली के क्रम में पोस्ट प्रभारी आरपीएफ के निर्देशन पर सउनि निरंजन, प्रधान आरक्षक भानु राजोरिया, आरक्षक श्रीराम मीना को पतासाजी के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी वारंट में दिए गए पते पर निवासरत नहीं है। मुखबीर से जानकारी मिली कि आरोपी पिछले 20 सालों से पंजाब अपने गृह ग्राम गुरदासपुर जिले के बटाला में रहता है। टीम बटाला रवाना होकर आरोपी के घर का पतासाजी के लिए पहुंची। घर में उसके माता-पिता और पत्नी मिली, जिनसे पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी विगत 15 वर्षों से दुबई में रहकर वाहन चलाने का काम कर रहा है। आरोपी के घर वालो को वारंट की छाया प्रति व नोटिस दिया गया। अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को एक दिन टीआरसी एवं 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

### पंचशील नगर चरोदा से दुर्लभ सफेद करैत सांप का किया गया रेस्क्यू

दुर्ग। चरोदा क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में एक घर से अत्यंत दुर्लभ सफेद रंग का करैत (ल्यूसिस्टिक) सांप का रेस्क्यू किया गया। वन विभाग और सर्प विशेषज्ञों की मदद से इस दुर्लभ सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे राजनांदगांव वन क्षेत्र में छोड़ा गया। वनमण्डाधिकारी के मुताबिक वन विभाग को मिली। सूचना पर टीम और सर्प रेस्क्यूअर विजय शर्मा मौके पर पहुंचे। सावधानीपूर्वक सर्प का रेस्क्यू किया गया। प्रारंभिक जांच में यह अत्यंत दुर्लभ श्वेतवर्णी करैत सर्प पाया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि शरीर में रंगद्रव्य (मेलानिन) की कमी के कारण उत्पन्न होने वाली आनुवंशिक अवस्था को ल्यूसिज्म कहा जाता है। इसी कारण इस करैत का रंग सामान्य काले-पीले की बजाय सफेद दिखाई देता है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार के श्वेतवर्णी करैत का मिलना अत्यंत दुर्लभ है। दक्षिण एशिया में इसके बहुत कम अभिलेख दर्ज हैं। भारत में महाराष्ट्र और ओडिशा तथा नेपाल के कुछ क्षेत्रों में ही इसके मिलने की जानकारी उपलब्ध है। वनमंडलाधिकारी दीपेश कपिल ने आरए प्रमोद यादव, सर्प मित्र विजय शर्मा एवं सर्प विशेषज्ञ अविनाश मौर्या की टीम ने इस दुर्लभ सर्प को राजनांदगांव वनमंडल के आरएफ 549 स्थित प्राकृतिक पर्यावास में सुरक्षित रूप से छोड़ा।

## राजस्व शिविर के दौरान पदमी गांव पहुंचे थे राजस्व अधिकारी

# मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग गांववालों ने राजस्व अमले को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पदमी में आयोजित राजस्व निपटारा शिविर उस समय विवाद का केंद्र बन गया, जब खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद तहसीलदार सरिता मढ़रिया और नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू का घेराव कर उन्हें कुछ समय तक वहां से जाने नहीं दिया। घटना से मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया।

■ पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद मामला शांत

जानकारी के अनुसार, राजस्व अधिकारियों की टीम राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए पदमी गांव पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने खेल मैदान पर हुए कथित अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग करते हुए विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि लंबे समय से प्रशासन केवल आश्वासन देता आ रहा है, लेकिन अब तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों के जवाब से असंतुष्ट ग्रामीणों ने विरोध तेज कर दिया और अधिकारियों को वहां से निकलने नहीं दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। काफी देर तक चली चर्चा और समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हुई तथा राजस्व अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।




घटना के बाद प्रशासन पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर रहा है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। इधर, तहसील क्षेत्र में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार चुनौती बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ स्थानों पर राजनीतिक और स्थानीय दबाव के कारण कार्रवाई प्रभावित होती है। वहीं, पदमी के कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई की जाती है, तो वे प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे।

# अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ बेमेतरा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, थाना बेरला तथा चौकी खण्डसरा और देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 24 जुलाई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम भैंसामुड़ा, मोहभट्ठा, बालसमुंद, बैजलपुर, बेरा तथा नगर पंचायत कुसमी से अवैध रूप से शराब बेचते हुए छह लोगों को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 79 पौवा अंग्रेजी एवं देशी मसाला शराब (करीब 14.22 लीटर), जिसकी कीमत लगभग 7,780, तथा 1,200 बिक्री राशि सहित कुल 8,980 का सामान जब्त किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

■ 6 आरोपी गिरफ्तार; 79 पौवा शराब व नकदी जब्त

पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक सोनल ग्वाला, थाना प्रभारी बेरला उपनिरीक्षक राजकुमार साहू, चौकी प्रभारी खण्डसरा एएसआई कंवल सिंह नेताम सहित थाना बेमेतरा, बेरला, खण्डसरा एवं देवरबीजा के पुलिस अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में वाद विवाद प्रतियोगिता, पॉक्सो जागरूकता कार्यक्रम

बेमेतरा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास के उद्देश्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पॉक्सो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समसामयिक विषयों पर तार्किक विचार रखे तथा व्यक्तिगत सुरक्षा और बाल अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए /"प्लास्टिक पैकेजिंग पर प्रतिबंध/" तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए /"कृत्रिम



बुद्धिमत्ता (एआई) के लाभ एवं हानि/" विषय निर्धारित किया गया। प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास और विषय की गहन समझ का परिचय दिया। इसके बाद आयोजित पॉक्सो जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अलग-अलग समूहों में उनकी आयु के अनुरूप पॉक्सो अधिनियम, व्यक्तिगत सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा तथा किसी भी अनुचित घटना की जानकारी तुरंत माता-पिता, शिक्षक या संबंधित अधिकारियों को देने के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक सोच, आत्मविश्वास और प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करती हैं, जबकि पॉक्सो जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को सुरक्षित, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्राप्त जानकारी को अपने जीवन में अपनाने के साथ समाज में भी जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# नीट पेपर लीक पर मोदी सरकार के फैसलों से विपक्ष बेनकाब : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय साहू ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित सख्त कदमों का स्वागत करते हुए कांग्रेस और ' इं डी गठबंधन' पर ती खा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्णायक फैसलों और सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद विपक्ष का राजनीतिक एजेंडा पूरी तरह उजागर हो गया है। अजय साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पेपर लीक मामलों के त्वरित निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन, दोषियों को 5 से 10 वर्ष तक की कठोर सजा, सख्त जमानत प्रावधान तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कड़े कानूनी प्रावधानों का मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सकारात्मक पहल और संवेदनशील रवैये के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी अपना अनशन समाप्त कर सरकार पर भरोसा जताया। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का उद्देश्य छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करना और देश में भ्रम एवं असंतोष का माहौल बनाना था। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए, तब विपक्ष का वास्तविक चेहरा देश के सामने आ गया। अजय साहू ने कहा कि देश का युवा जागरूक है और वह समझता है कि कौन उसके भविष्य की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है और कौन केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

■ छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: भाजपा जिला अध्यक्ष



## बेहतर पुलिसिंग के दिए सख्त निर्देश

# एसपी त्रिलोक बंसल का नांदघाट व मारो चौकी का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान थाना नांदघाट एवं चौकी मारो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना-चौकी की कार्यप्रणाली, अभिलेखों और कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लेते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने जप्ती माल, मालखाना, ड्यूटी रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फिंगर प्रिंट रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की और उनके सुव्यवस्थित संधारण

■ अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण, रात्रि गश्त और सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष जोर




पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी, शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का समयबद्ध निराकरण ही प्रभावी पुलिसिंग की पहचान है। निरीक्षण के दौरान बलवा ड्रिल सामग्री की भी समीक्षा की गई। एसपी ने मरम्मत योग्य सामग्री को तत्काल जमा कर नई सामग्री प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस पूरी तैयारी के साथ कानून-व्यवस्था संभाल सके। एसपी बंसल ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीले पदार्थों और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम नाबालिग बच्चों की शीघ्र तलाश, महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण, लंबित वारंटों की तामील तथा असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने चोरी एवं अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रिकालीन गश्त, पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही होटल, लॉज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैंड एवं संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच करने पर भी जोर दिया। एसपी ने सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के लिए हाट-बाजारों, गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार, ई-साक्ष्य के उपयोग, नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छ वर्दी और अनुशासन बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी नांदघाट निरीक्षक लेखराम ठाकुर, चौकी प्रभारी मारो उपनिरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे सहित थाना एवं चौकी के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस नेत्री योगिता साहू का बयान, शिक्षा सुधार की लड़ाई जारी रखने का ऐलान

**बेमेतरा।** कांग्रेस नेत्री योगिता साहू ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों और युवाओं के लोकतांत्रिक संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि देशभर के लाखों छात्रों की आवाज़ की जीत है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है। योगिता साहू ने कहा कि वे स्वयं दिल्ली के जंतर-मंतर आंदोलन स्थल पर दो दिनों तक मौजूद रहीं। उन्होंने आंदोलनकारियों के साथ रहकर उनकी समस्याओं और संघर्ष को करीब से देखा। उनके अनुसार आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और छात्र महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर अपनी मांगें उठा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन की वास्तविक तस्वीर के बजाय कुछ भ्रामक वीडियो और घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक को आंदोलन स्थल से ले जाए जाने के समय वे स्वयं मौजूद थीं। उनका कहना है कि यदि किसी आंदोलनकारी को चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता हो तो प्रशासन को संवेदनशील और सम्मानजनक तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए। योगिता साहू ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद भी कांग्रेस और छात्र-युवा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग पर संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री से छात्रों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सार्वजनिक माफी मांगने, छात्रों पर कथित बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने, पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, नीट परीक्षा से जुड़े कथित मौतों के मामलों की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदारी तय होने पर प्रभावित परिवारों को 1 करोड़ मुआवजा देने की मांग दोहराई। साथ ही जंतर-मंतर आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों की समीक्षा कर उन्हें वापस लेने और घायल आंदोलनकारियों के समुचित उपचार की भी मांग की।



## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त एसपी त्रिलोक बंसल से जिपं अध्यक्ष कल्पना की सौजन्य भेंट

**बेमेतरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने शनिवार को जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बेमेतरा के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान श्रीमती तिवारी ने विश्वास जताया कि श्री बंसल के नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेमेतरा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त बनाने के लिए जिला पंचायत पुलिस प्रशासन के साथ हर स्तर पर समन्वय और सहयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को नए दायित्व के सफल एवं जनहितकारी निर्वहन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से जिले के विकास, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को नई दिशा मिलेगी। सौजन्य भेंट के दौरान जिले के विकास, कानून-व्यवस्था तथा आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर पीयूष शर्मा भी उपस्थित रहे।

### निगम में ताश खेलते पकड़े गए तीन कर्मचारी निलंबित

**भिलाई।** नगर निगम मुख्यालय परिसर में ड्यूटी के दौरान ताश खेलते पाए जाने पर निगम प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। सहायक राजस्व अधिकारी विकास सिंह, सफाई कर्मचारी डहर सिंह बंजारे और भृत्य अशोक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बताया गया कि तीनों कर्मचारी निगम मुख्यालय परिसर में ताश खेल रहे थे, जिसकी जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। अनुशासनहीनता और शासकीय कार्य में लापरवाही मानते हुए निगम प्रशासन ने निलंबन आदेश जारी किया। पहले इन तीनों को नोटिस जारी किया गया था जिसका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यालयीन समय में ऐसी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

### सूर्या मॉल के सामने से चोरी हुई एक्टिवा बरामद

**भिलाई।** स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने मोपेड चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी योगेश निषाद उर्फ बाऊ (24) निवासी ग्राम समोदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद की है। आरोपी के पास से सीजी 07 एलडब्ल्यू 6256 नंबर की एक्टिवा जब्त की गई है। मामले में थाना सुपेला में अपराध दर्ज कर आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### निधन

### कांति बाई मिश्रा



**नवागढ़।** मिश्रा पारा नवागढ़ निवासी स्वर्गीय किशुन प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी कांति बाई मिश्रा उम्र 78 वर्ष का शनिवार सुबह लगभग 10 बजे निधन हो गया। वे भरत मिश्रा, शत्रुघ्न मिश्रा एवं मनोज मिश्रा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार नवागढ़ मुक्तिधाम में किया गया।

## कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं व निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने किया सम्मानित

# स्वरोजगार ऋण योजना से आत्मनिर्भर बने दिव्यांग हितग्राही, योजना से सफल व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ समय पर ऋण चुकाने वाले तीन लाभार्थी सम्मानित

समाज कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की स्वरोजगार ऋण योजना जिले के दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। योजना का लाभ लेकर सफल व्यवसाय स्थापित करने और समय पर ऋण की संपूर्ण अदायगी करने वाले तीन दिव्यांग हितग्राहियों का शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं एवं निगम अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान निगम की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों तक स्वरोजगार ऋण सुविधा पहुंचाने और रोजगार गतिविधियों का विस्तार करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि शासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वहीं निगम अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया ने कहा कि ऐसे हितग्राहियों की सफलता शासन की योजनाओं की प्रभावशीलता को दर्शाती है और अन्य लोगों को भी स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

तीन हितग्राहियों ने पेश की मिसाल ,ग्राम मोहरेंगा की श्यामकुंवर साहू ने ऋण सहायता से बुटीक शुरू कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड-2 सुकुलपारा निवासी श्री लीलाराम सोनकर ने ऋण लेकर किराना एवं जनरल स्टोर शुरू किया और सफल व्यवसाय के साथ समय पर पूरा ऋण चुका दिया। ग्राम ढोलिया की श्रीमती गोमती साहू ने ऋण सहायता से पशुपालन व्यवसाय शुरू कर नियमित आय का स्रोत बनाया तथा समय पर ऋण अदायगी कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

### कम ब्याज पर मिल रहा स्वरोजगार ऋण

समाज कल्याण विभाग के अनुसार योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे सिलाई, किराना, पशुपालन, लघु उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों के कारण विभाग को अधिक जरूरतमंद दिव्यांगजनों तक योजना का लाभ पहुंचाने में भी सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम में दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध संचालक पंकज वर्मा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पदमाकर, समाज कल्याण विभाग एवं निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मानित हितग्राहियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक सहायता के साथ आत्मविश्वास और समाज में नई पहचान भी दिलाई है।



# सिंघौरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम 3.0 के तहत किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल सिंघौरी में बस्तामुक्त दिवस पर वृक्षारोपण किया गया।यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजन किया गया।संस्था प्रमुख सरस्वती साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि यह पहल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनो को साकार करने के लिए किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य मिशन लाइफ और इको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण से जुड़ा एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। शाला परिसर में शिक्षक एंव बच्चों द्वारा मिलकर कदम, आंवला, गुड़हल, शहतूत के साथ साथ रंग बिरंगी फूलों का भी पौधा लगाये गये।इस अवसर पर देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, शशिकला यादव, किरण खरे, धनी राम बंजारे (संकुल समन्वयक), पूनम साहू एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

## पिंटू उप शाला नायक निर्वाचित

# कारेसरा स्कूल में हुआ छात्रसंघ चुनाव, कामेश बने हेड बॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने किया मतदान, इको क्लब और विज्ञान क्लब का भी हुआ गठन

विकासखंड साजा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारेसरा में छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम के अनुसार कक्षा 12वीं के कामेश वर्मा हेड बॉय तथा पिंटू उप शाला नायक निर्वाचित हुए। वहीं कक्षा 12वीं की यशवनी यादव उपाध्यक्ष, निशा भारती अनुशासन प्रभारी, कक्षा 11वीं के युवराज वर्मा सांस्कृतिक सचिव, कक्षा 10वीं की सोनालिका खेल सचिव, कक्षा 9वीं की लोकेश्वरी पर्यावरण सचिव तथा कक्षा 12वीं के ध्रुव बंजारे नशा मुक्ति सचिव चुने गए। इस अवसर पर विद्यालय में इको क्लब एवं विज्ञान क्लब का भी गठन किया गया। इको क्लब के अध्यक्ष के रूप में कक्षा 11वीं के देवेन्द्र वर्मा तथा विज्ञान क्लब के विज्ञान सचिव के रूप में कक्षा 12वीं के गौतम साहू का मनोनयन किया गया। विद्यालय की व्याख्याता श्यामा वैष्णव ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करता है। वहीं वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि छात्र प्रतिनिधि का पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सहयोग, ईमानदारी और सकारात्मक सोच के साथ विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में व्याख्याता पूनम सिंह, नेहा सिंह, शालिनी दुबे, धर्मेन्द्र दुबे, वैजयंती पैकरा, प्रभा मानिकपुरी, चोवाराम मधुकर, आरती साहू, डुमान साहू, संजय वर्मा सहित संकुल समन्वयक बलदाऊ गायकवाड़ तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जिला साहू संघ की बैठक में जिला व तहसील पदाधिकारियों की नियुक्ति, सामाजिक सरोकारों पर रहेगा विशेष फोकस

**थान खम्हरिया।** ग्राम पंचायत भवन बरगा में पंजीकृत जिला साहू संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए समाजहित के विभिन्न रचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। संघ के संरक्षक शत्रुघ्न सिंह साहू ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पारदर्शी, सशक्त और संगठित समाज का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि संघ विधवा सहायता, निर्धन कन्याओं के विवाह, प्रतिभावान विद्यार्थियों के प्रोत्साहन, बुजुर्गों के सामाजिक अधिकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक न्याय, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा गौ संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष रूप से कार्य करेगा। बैठक में सुरेश कुमार साहू (बरगा) की अध्यक्षता में जिला



कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें गंगा राम साहू को जिला महासचिव, टेकराम साहू (रौद्रा) एवं तखतराम साहू (बरगा) को उपाध्यक्ष, मोहनराम साहू (हरदास) को कोषाध्यक्ष तथा अंतराम साहू (बरगा), श्यामलाल साहू एवं गुहाराम साहू (भेंडरावनी) को जिला सलाहकार बनाया गया। मुकेश कुमार साहू (बेमेतरा) को संगठन सचिव नियुक्त किया गया। महिला प्रकोष्ठ में सुषमा साहू जिला संयोजक तथा अनीता साहू जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं न्याय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आनंद प्रकाश साहू, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक अशोक साहू (सोनचिरैया), युवा प्रकोष्ठ के संयोजक नंदकुमार साहू (जेवरा) तथा किसान प्रकोष्ठ के संयोजक युवराज साहू (पिपरिया, साजा) नियुक्त किए गए। इसके अलावा लक्षीराम साहू को किसान प्रकोष्ठ महासचिव, गिरधर साहू (श्यामपुर कांपा) को सहसंयोजक, गंगाधर साहू (श्यामपुर कांपा) को युवा प्रकोष्ठ महासचिव, नेतराम साहू (सोनचिरैया) को युवा प्रकोष्ठ सहसंयोजक तथा धनीराम साहू (सेमरिया) को न्याय प्रकोष्ठ सहसंयोजक बनाया गया। बैठक में तहसील स्तर पर भी नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। साजा तहसील साहू संघ के अध्यक्ष उमाशंकर साहू (डूंगीतराई), उपाध्यक्ष करण साहू (घोटवानी) एवं बलदाऊ साहू (परसबोड़) बनाए गए। वहीं बेमेतरा तहसील साहू संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू (किरतपुर) तथा सचिव खेमराज साहू (सेमरिया) नियुक्त किए गए। बैठक की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार साहू ने दी।

# चंडी आश्रम नेवनारा में त्रिदिवसीय आवासीय संगीत एवं व्याख्यान कार्यशाला का शुभारंभ

**बेमेतरा।** मां भद्रकाली जिला मानस संघ की अभिनव पहल तथा जय गंगा मां कार्यसमिति, नेवनारा एवं श्री चंडी आश्रम ट्रस्ट समिति के सहयोग से चंडी आश्रम, नेवनारा में त्रिदिवसीय आवासीय संगीत एवं व्याख्यान कार्यशाला का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य मौनी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। वैदिक मंगलाचार और श्रीराम नाम संकीर्तन से पूरा आश्रम भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माँ भद्रकाली जिला मानस संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने कहा कि बेमेतरा जिले में इस तरह की आवासीय संगीत एवं व्याख्यान कार्यशाला पहली बार आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह




आयोजन केवल संगीत या व्याख्यान तक सीमित नहीं, बल्कि श्रीरामचरितमानस के गूढ़ रहस्यों, सनातन संस्कृति के आदर्शों, धार्मिक कर्तव्यों, नैतिक मूल्यों और भारतीय जीवन-दर्शन के व्यापक प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का नया प्रकाश फैलाएगी।

कार्यशाला में बेमेतरा सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों प्रतिभागी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण ले रहे हैं। विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को श्रीरामचरितमानस के भाव, गायन शैली, व्याख्यान कला, मंच संचालन, शुद्ध उच्चारण तथा आध्यात्मिक जीवन-मूल्यों की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जय गंगा माँ कार्यसमिति के अध्यक्ष शालिक राम साहू, सरपंच लोकेश साहू, उपाध्यक्ष माखन साहू, बिहारी लाल यदु, महेशकुमार साहू, छगन साहू, विनय ताम्रकार, टिकेंद्र धीवर, राजकुमार ताम्रकार, शिव साहू, विष्णु साहू, संजय वर्मा, राजकुमार निषाद, अलख पाटिल, डॉ. ओंकार चंद्राकर, कल्याणी सेन, पप्पू सेन, नरेंद्र जायसवाल, लता निषाद, गजेन्द्र वर्मा, ठोकेलाल देवांगन, ईश्वर सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मानस साधक, रामायण प्रेमी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि यह कार्यशाला भविष्य में जिले में मानस अध्ययन, संगीत साधना एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान भक्ति, अनुशासन, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# डीपीएस दुर्ग के सामने अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ निगम अधिकारियों की चुप्पी से उठे कई सवाल

शहर को अवैध होर्डिंग्स से मुक्त रखने भिलाई निगम का अभियान निगम आयुक्त राजीव पांडेय के तबादले के बाद ठंडा पड़ गया है। डीपीएस स्कूल जुनवानी के सामने प्रमुख मार्गों पर कई बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं लेकिन निगम के अधिकारियों यहां कार्रवाई तक करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। हाल यह है कि इनमें ज्यादातर होर्डिंग्स अवैध हैं। लोगों के लिए यहां से गुजरना खतरे से कम नहीं है। आंधी-बारिश का सीजन चल रहा है और इस व्यस्ततम मार्ग पर लाखों लोग रोजाना आवागमन करते हैं। इसलिए यहां से गुजरना जोखिमभरा है।




### स्कूली बच्चों व मरीजों को आवागमन में परेशानी

इस रोड पर डीपीएस स्कूल दुर्ग के साथ साथ और भी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित हो रही है। इन संस्थानों में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे से लेकर विद्यार्थी पढ़ते हैं। इसके अलावा आसपास हॉस्पिटल भी हैं। जहां मरीजों और उनके परिजनों का आना-जाना लगा रहता है। लोगों ने बताया कि होर्डिंग्स की वजह से सड़क संकरी हो गई है। दोनों तरफ से बड़े वाहन आते-जाते हैं तो वहां से दुपहिया सवारों को निकलना मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे इतनी जगह नहीं बचती कि आसानी से निकल सके। बच्चों को वाहन में बिठाकर लाना जोखिमभरा होता है। इसी तरह मरीज और उनके परिजनों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। लोंगों ने निगम से इस रोड को होर्डिंग्स मुक्त करने की मांग निगम अधिकारियों से की है।




# संस्कृत महाविद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, संतों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ राजस्व निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने और कथित धमकियों की निष्पक्ष जांच की मांग




ग्राम खैरझिटी स्थित श्रीनिम्बार्क संस्कृत महाविद्यालय, वृंदावन की कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे के आरोप को लेकर संत समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम बेमेतरा को ज्ञापन सौंपकर त्वरित राजस्व एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में महाविद्यालय की भूमि का तत्काल राजस्व निरीक्षण, कथित कब्जाधारियों से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कराने, अवैध कब्जा पाए जाने पर अतिक्रमण हटाने तथा महाविद्यालय प्रबंधन को मिली कथित धमकियों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम खैरझिटी स्थित महाविद्यालय की भूमि राजस्व अभिलेखों में संस्थान के नाम दर्ज है और वर्षों से शैक्षणिक एवं धार्मिक उद्देश्यों के लिए उपयोग में रही है। महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार नागा महंत हरिशंकर दास (प्रबंधक), महंत राधेश्याम दास, महंत सुरेंद्र दास एवं डॉ. सौरव निर्वाणी संस्थान के अधिकृत न्यासी हैं। महाविद्यालय प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि सीमा गायकवाड़ (पति आशाराम) द्वारा खसरा क्रमांक 67 की लगभग 8 एकड़ तथा संतराम धृतलहरे (पिता सुकल) द्वारा खसरा क्रमांक 465 की लगभग 4 एकड़ भूमि पर कथित रूप से अनधिकृत कब्जा कर खेती की जा रही है। प्रबंधन का यह भी आरोप है कि भूमि खाली कराने के प्रयास पर संबंधित पक्षों ने इनकार करते हुए उन्हें विभिन्न झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। धर्म स्तंभ कौंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि संस्कृत महाविद्यालय, गौशालाएं, मठ और मंदिर सनातन संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं तथा उनकी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। वहीं महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि सनातन की धरोहरों पर अवैध कब्जा केवल भूमि विवाद नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत पर आघात है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की।

